तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026



शुक्रवार को पुराना बस स्टैण्ड में वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण की जांच की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### उत्तर रेलवे दिल्ली के पीसीसीएम होंगे प्रवीण

**बिलासपुर।** एसईसीआर बिलासपुर जोन के पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय का उत्तर रेलवे जोन में स्थानांतरण कर दिया गया है, जहां उनका पद एसईसीआर की तरह यथावत रहेगा। गुरुवार 15 जनवरी की शाम रेलवे बोर्ड ने एक आर्डर जारी करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन कामर्शियल विभाग के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय का ट्रांसफर आर्डर जारी कर दिया है।

### विमर्श भारती की व्याख्यान माला आज

**बिलासपुर।** विमर्श भारती छग प्रांत का व्याख्यान माला 17 जनवरी को शाम 4 बजे से लखीराम अग्रवाल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य विषय सशक्त भारत है। इसके मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नारायण नामदेव होंगे। मुख्य अतिथि भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिम्स के अधिष्ठाता डा. रमणेश मूर्ति करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल होंगे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा में स्वास्थ्य शिविर आज

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी (सेंदरी) में शनिवार को अनन्य दिवस पर आश्रम परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। उमेश नारायण मिश्रा ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# बिलासा देवी एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग संबंधी डीवीओआर मशीन लाइट दोनों लगाई गई, अब लाइसेंस की औपचारिकता ही बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस राधा कृष्ण अग्रवाल की खंडपीठ में बिलासपुर में एयरपोर्ट और हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं की सुनवाई हुई। कोर्ट ने टर्मिनल भवन के बाहर बनने वाले कैंटीन टॉयलेट और विश्रामगृह का काम 2 महीने में भी शुरू न होने पर मुख्य सचिव से जवाब भी मांगा है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने खंडपीठ को जानकारी दी की राज्य शासन के द्वारा 50 करोड़ 64 लाख रुपए 290 एकड़ जमीन के बदले में जमा कर दिए गए हैं और आप केवल जमीन वापस होने




- 50 करोड़ 64 लाख रुपए 290 एकड़ जमीन के बदले में जमा कराए गए
- हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के अधिवक्ता को इसे जल्दी सुनिश्चित करने कहा

की औपचारिकता बाकी है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को नियत की है।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने इस पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि अब एयरपोर्ट को 4 सी श्रेणी में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। राज्य सरकार के मुख्य सचिव के द्वारा दाखिल शपथ पत्र से अन्य कई तथ्य भी खंडपीठ ने अपने आदेश में समाहित किए गए। इनमें डीवीओआर मशीन और नाइट लैंडिंग संबंधी लाइट के कमीशन आदि होने के साथ-साथ डीजीसीए से नाइट लैंडिंग लाइसेंस संबंधी आवेदन भी प्रस्तुत हो जाने की बात महत्वपूर्ण है। खंडपीठ को यह बताया गया कि अब इसके बाद केवल डीजीसीए के इंस्पेक्शन और उसके बाद लाइसेंस जारी करने की औपचारिकता ही शेष है। शपथ पत्र में वायबिलिटी गैप फंडिंग के लिए उपलब्ध कराई गई राशि और यात्री सुविधाओं की स्थिति के बारे में भी उल्लेख किया गया था।

### बरगद पेड़ के नीचे बैठकर भोजन की मजबूरी

फोटोग्राफ प्रस्तुत करते हुए एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग 2 महीने बीतने को है परंतु अभी इस भवन का कार्य भी शुरू नहीं हुआ है और यात्री बाहर बरगद पेड़ के नीचे बैठकर खाना खाने के लिए मजबूर है। खंडपीठ को यह भी बताया गया की मुख्य सचिव के नए शपथ पत्र में कुछ नहीं कहा गया है। खंडपीठ ने इस बात को अपने आदेश में उल्लेखित करते हुए मुख्य सचिव से इस भवन के निर्माण संबंध में स्थिति से अवगत कराने एक नया शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि बिलासपुर एयरपोर्ट पर बहुत दूर-दूर से आने वाले यात्री उन्हें लेने जाने वाले छोड़ने जाने वाले व्यक्तियों के लिए बैठने टॉयलेट या चाय आदि की व्यवस्था भी नहीं है। किसी को देखते हुए टर्मिनल भवन के बाहर एक अतिरिक्त भवन निर्माण स्वीकृत किया गया है। इसके बारे में पिछले शपथ पत्र में मुख्य सचिव ने दो महीने के अंदर निर्माण पूरा करने का भरोसा दिया था, परंतु किन्हीं कारणों से कार्य चालू नहीं हो सका।

### डीजीसीए इंस्पेक्शन जल्द कराने की मांग

याचिका कर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने डीजीसीए इंस्पेक्शन जल्द कराने की बात कही। इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के द्वारा केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा से केंद्र सरकार के द्वारा यह कार्य जल्दी कराए जाने के निर्देश दिए गए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने खंडपीठ का ध्यान 24 नवंबर को पारित आदेश के उसे अंश पर दिलाया जिसमें मुख्य सचिव के द्वारा यह भरोसा दिया गया था कि टर्मिनल भवन के बाहर भी एक टॉयलेट कैंटीन और यात्रियों के विश्रामगृह की व्यवस्था की जा रही है जो दो महीने में बना दिया जाएगा।

# सीयू के छात्र को बनारस ले गए परिजन बयान तक नहीं ले सकी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 19 वर्षीय छात्र आयुष यादव के परिजन शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचें। इस दौरान अपने बेटे की हालत को देखते हुए अच्छे इलाज के लिए अपोलो से डिस्चार्ज करा बनारस ले गए। इस दौरान कोनी पुलिस बयान कराने का इंतजार करती रही, लेकिन परिजनों से पुलिसिया कार्रवाई बाद में करने की दलील दे, युवक को ले जाने की जिद करने लगे। ऐसे में युवक का बयान नहीं लिया जा सका है।


आयुष यादव

ज्ञात हो कि गुरूवार को 19 वर्षीय आयुष यादव ने आत्मदाह करने की कोशिश की थी, हादसे में वह पूरी तरह से झुलस गया था। उसे इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज किया जा रहा था। हादसे की सूचना पाकर उसके पिता प्रमोद यादव शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचे और सीधे अपोलो अस्पताल गए। इस दौरान उनके बेटे ने आंख


यूनिवर्सिटी में फैली सनसनी, सिम्स से अपोलो किया गया रिफर
सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

तक नहीं खोली और पिता बेचैन हो गए। बताया जा रहा है कि बीएसएफ में तैनात हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव असम से बिलासपुर पहुंचे थे। इस दौरान बच्चे की हालत देख उनसे रहा नहीं गया और डाक्टर और पुलिस वालो से बेटे को डिस्चार्ज करने की बात कहीं। डाक्टरों ने आयुष को डिस्चार्ज कर दिया, जिसके बाद पिता ने उसे बनारस ले जा चुके है। इस दौरान आयुष के होश में नहीं आने के कारण पुलिसिया कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है।

# आयुक्त पहुंचे 10.30 बजे, लोक सेवा केन्द्र बंद मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे निगम मुख्यालय विकास भवन पहुंचकर सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन समय पर ऑफिस नहीं पहुंचने वाले 18 अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। संतोषप्रद या जवाब नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ध्यान रहे कि शासन द्वारा प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय प्रारंभ करने के आदेश दिए गए हैं। पूर्व में भी प्रातः 10.00 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए थे, इसके पश्चात भी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर निगम कमिश्नर ने कार्रवाई की है। साथ ही कार्यालय अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रोजाना सभी कर्मचारी कार्यालयीन समय पर आफिस पहुंचे।

### 18 कर्मचारी मिले नदारद




- विकास भवन के सभी कमरों में पहुंचे निगम कमिश्नर
- च्वाइस सेंटर का लाइसेंस निरस्त करने दिया गया नोटिस

### लोक सेवा केन्द्र संचालक को नोटिस

निगम कमिश्नर के निरीक्षण में विकास भवन में स्थित लोक सेवा केन्द्र में भी प्रातः 10.30 बजे तक ताला बंद था, जबकि प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय एवं लोक सेवा केन्द्र खोलने के आदेश दिए गए हैं। इसके पश्चात भी लोक सवो केन्द्र को समय पर नहीं खोला गया था। जिसके बाद निगम कमिश्नर के निर्देश पर संचालिका श्रीमती हेमवती पात्रे और श्रीमती वर्तिका कुशवाहा को नोटिस जारी कर कहा गया है कि क्यो न आपका लायसेंस निरस्त करने हेतु कार्रवाई की जाए।

### इन कर्मचारियों को मिला नोटिस

अजय कुमार शुक्ला, सहायक कार्यालय अधीक्षक, राकेश यादव, लेखापाल, गिरीराज यादव, सहायक ग्रेड-02, स्थापना, श्रीमती गीता श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड-02, आवास शाखा, रविशंकर शर्मा, सहायक ग्रेड-02, आवास शाखा, संतोष यादव, सहायक ग्रेड-02, पेंशन शाखा, दउवा सोनी, सहायक ग्रेड-02, जल विभाग, मिथुन मित्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जल विभाग,जय प्रकाश यादव, राजस्व उप निरीक्षक, संपत्तिकर विभाग, श्रीमती अनिता गोड़, कम्प्यूटर आपरेटर, संपत्तिकर विभाग, श्रीमती हेमलता गुप्ता, सहायक ग्रेड-03, स्थापना, श्रीमती लक्ष्मी छाया गोपाल, सहायक ग्रेड-03, स्थापना, सुश्री मुस्तरी खान, सहायक ग्रेड-03, संपदा, निलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-03, सूचना का अधिकार, श्रीमती सुशीला कौशिक, सहायक ग्रेड-03,सन्नी मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक, संपत्तिकर, राहूल, इंटिट, संपत्तिकर शाखा, मयंक वर्मा, प्रधानमंत्री आवास शाखा।



## खबर संक्षेप

### सूक्ष्म व लघु उद्यम को बढ़ावा देने कमेटी गठित, केडिया सदस्य बने



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम ने प्रदेश में सूक्ष्म व लघु उद्यम को वढावा देने तथा विकास और संर्वधन को गति देने के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में बनी है। सदस्यों में प्रबंध संचालक विश्वेस कुमार, उद्योग डायरेक्टर प्रभात मलिक, कार्यपालक संचालक संतोष भगत, चीफ इंजीनियर हेमंत कुटारे शासकीय प्रतिनिधि हैं। प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के हरीश केडिया को भी सदस्य मनोनित किया गया है। प्रदेश के अनेक जगहों के उद्योग संघ के पदाधिकारी भी सदस्य हैं। श्री केडिया के मनोनयन पर उद्योग संघ पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। जिसमें जिला उद्योग संघ पूर्व अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, जितेन्द्र गांधी, अनिल सूलजा, अनिल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, चंद्रकांत भट्ट, सुनील मरदा अरविंद गर्ग, सतीश शाह, शरद सक्सेना, राम सुखिजा, नवनीत अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, एन.एस. राजू, पी. एस. भाटिया, सुभाष अग्रवाल, महेश सुल्तानिया सुनील सुल्तानिया, अशोक अग्रवाल, योगेश गुप्ता, नरेश सिंघानिया, के सी. भारद्वाज, धर्मेन्द्र पटेल, मनीष कश्यप, विष्णु मुरारका, दिनेश शर्मा, शंकर मनचंदा पूरनलाल सिद्वारा, किशोर पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, मुकेश लालचंदानी ने भी किया है।

### डॉ. सीवी. रामन विश्वविद्यालय ने पुष्पांजलि को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी. रामन विश्वविद्यालय ने पुष्पांजलि त्रिपाठी को विधि के क्षेत्र में "वायोलेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑफ चिल्ड्रन छत्तीसगढ़" विषय पर डॉक्टर ऑफ फ़िलासफ़ी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.आर.पी.चौधरी एवं डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के डॉ. जैनेंद्र पटेल के निर्देशन में पूरा किया है। श्रीमती त्रिपाठी पूर्व सांसद एवं सहकारिता के पूर्व अध्यक्ष स्व. रामगोपाल तिवारी की नातिन, स्व. अशोक कल्याणी तिवारी की पुत्री, स्व. डॉ.आरएसएल त्रिपाठी की पुत्रवधू एवं डॉ मोरध्वज त्रिपाठी की पत्नी हैं। उनके शोध कार्य में वात्सला तिवारी की महती भूमिका रही है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



**बिलासपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर (बैंक) की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक 16 जनवरी को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के क्षेत्र प्रमुख रणधीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार ने कहा कि नराकास, राजभाषा के प्रचार-प्रसार के साथ ही साथ हमें राजभाषा के कार्यान्वयन के क्षेत्र में एकजुटता एवं सम्मिलित प्रयासों के लिए एक सरल मंच प्रदान करता है, जिसका हमें भरपुर लाभ उठाना चाहिए। निश्चय ही इस मंच का उपयोग कर हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से राजभाषा कार्यान्वयन में आ रही विभिन्न कठिनाईयों को सहजता से दूर किया जाकर राजभाषा हिन्दी का व्यापक प्रचार प्रसार एवं उपयोग बढ़ाया जा सकता है। बैठक का संचालन प्राणेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

## निधन

### सरस्वती पाण्डेय



**बिलासपुर।** चौबे कॉलोनी निवासी श्रीमती सरस्वती पाण्डेय का स्वर्गवास 16 जनवरी हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकण्डा मुक्तिधाम में किया गया। वे देवेन्द्र पाण्डेय, ब्रजेन्द्र पाण्डेय, ईश्वरीय उपाध्याय की माँ थीं। वे अपने पीछे भरा परिवार छोड़ गईं।

### उमेंदा मिश्रा



**बिलासपुर।** सीपत निवासी उमेंदा मिश्रा पति स्वर्गीय ईश्वर मिश्रा का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सीपत में किया जाएगा। वे रमेश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, नरेश मिश्रा की माता एवं मनहरण लाल मिश्रा की बहन थीं।

### नितेश एनड्रुज



**बिलासपुर।** तखतपुर के शरन नगर वार्ड क्रमांक 5 निवासी नितेश एनड्रुज का 45 वर्ष की आयु में 16 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे एस के एनड्रुज के पुत्र, लविना लूथर, श्वेता तांडी के भाई, अजय लूथर के साले थे।

### प्रताप सिंह क्षत्रिय



**बिलासपुर।** रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी अल्का इवेंन्यु निवासी प्रताप सिंह क्षत्रिय का निधन 16 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे हरीश सिंह, सतीश सिंह, सुनीता सिंह आशा सिंह व शकुन सिंह के पिता थे।

### संतराम साहू



**तखतपुर।** मौहाभाठा निवासी संतराम साहू का 86 वर्ष की आयु में 15 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया। वे परमेश्वर साहू, मंजू साहू के पिता, पंचराम साहू के भाई एवं दरस राम साहू के चाचा तथा बलवंत साहू के ससुर थे।

**अमृत मिशन योजना** — उसलापुर स्टेशन को पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा

# आदर्श रेलवे स्टेशन : सेकेंड एंट्री में मिलेगी जनरल टिकिट



**बिलासपुर।** अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर स्टेशन को भी पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा है। इस कार्य में सेकेंड एंट्री का काम भी शामिल है, जिसमें 12 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का काम अब तक अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं दूसरी ओर नई पार्किंग के अलावा एक बुकिंग काउंटर का काम पूरा कर दिया गया है, जहां जल्द ही दूसरी ओर रहने वाले लोगों को जनरल टिकिट के लिए मुख्य गेट की ओर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह बनाया जा रहा है। यहां यात्री ट्रेनों की संख्या भी काफी बढ़ चुकी है, जिसके कारण बिलासपुर स्टेशन के यात्रियों को भी अब उसलापुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने के लिए ट्रेनों को पकड़ना पड़ रहा है। यात्री ट्रेनों के अलावा उसलापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन मालगाड़ियों का भी आवागमन होता है। इन सबके बावजूद स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 2 और कटनी रूट से आने वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म नम्बर 1 है। यह दोनों प्लेटफार्म के अलावा तीसरे प्लेटफार्म का निर्माण अब तक नहीं किया गया है, जिसकी वजह से कई बार एक ही समय पर आने वाली यात्री ट्रेनें आउटर में घंटों खड़ी रहती हैं।

उसलापुर में रेल प्रशासन ने स्टेशन डेवलपमेंट का काम भी शुरु कर दिया है। स्टेशन में सबसे अधिक आवश्यकता सेकेंड एंट्री की है, जहां मुंगेली, सकरी, तखतपुर के अलावा आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इन लोगों को वर्तमान में ओवरब्रिज पार कर स्टेशन तक पहुंचना पड़ता है, जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी होती है।

### स्टेशन के प्रमुख कार्य

जानकारी के अनुसार ट्रेनों के स्टापेज होने के उपरांत यात्रियों की सुविधा के लिए काम किया जाना है। इसके लिए उच्चाधिकारियों के आदेश पर आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के सामने एक नया प्रवेश द्वार, यात्रियों की सुविधा और प्लेटफार्म नम्बर 2-3 से जाने वाली गाड़ियों के स्टापेज हेतु दूसरे छोर पर सेकेंड एंट्री, मुख्य गेट की तरह दूसरे छोर पर टिकिट घर, पार्किंग, लिफ्ट, एप्रोच रोड का कार्य, 20 फीट चौड़े फुट ओवरब्रिज का विस्तार करने की योजना, स्टेशन के दो लिफ्ट के कार्य को पूरा करने के साथ प्लेटफार्म नम्बर 1-1 और 3 में शेल्टर लगाने के कार्य प्रस्तावित है।

### नए सिरे से सिस्टम अपडेट

सेकेंड एंट्री यानि सकरी की ओर से स्टेशन आने वाले रास्ते के तरफ रेल प्रशासन के अफसरों ने कार्य करते हुए एक चार पहिया और दो पहिया पार्किंग का काम कर दिया है। इसके साथ ही जनरल टिकिट घर के लिए एक बिल्डिंग तैयार करने के साथ दो खिड़कियां भी बनाई गई है, जिसमें से यात्रियों को टिकिट दी जाएगी। इस कार्य के लिए नए सिरे से पूरे सिस्टम को अपडेट किया जाएगा, जिसके उपरांत टिकिट बिक्री का कार्य शुरु होगा।

### स्ट्रक्चर बनकर रेडी

उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के बाद पुनर्विकास का कार्य अंतिम चरण में हैं। इसके साथ ही सेकेंड एंट्री की ओर भी यात्रियों को सुविधा के लिए कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें जनरल टिकिट भी शामिल है। इस कार्य के लिए स्ट्रक्चर बनकर रेडी हो गया है, कुछ कार्यो को पूरा करने के बाद जनरल टिकिट की सुविधा भी यात्रियों को मिलने लगेगी।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

एक के बाद एक कोई न कोई घटना, विवाद आते जा रहे सामने

# गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी : नए साल में भी चर्चाओं व विवादों ने पीछा नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी का नए साल में भी चर्चाओं और विवादों से पीछा नहीं छूट रहा है। पिछले वर्ष से सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जुड़ी हुई एक के बाद एक कोई न कोई घटना विवाद सामने आते जा रहा है। अभी नया साल का पहला महिना चल ही रहा है और दो बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी सालभर से चर्चाओं में बना हुआ है। इसकी वजह यह है कि यूनिवर्सिटी में ही कोई न कोई बड़ी घटना हो रही है या फिर यूनिवर्सिटी से संबंधित किसी छात्र या अन्य लोगों के साथ घटनाएं हो रही है। अभी सप्ताहभर पहले ही यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल द्वारा एक कार्यक्रम में बाहर से आए एक साहित्यकार से अपमानपूर्ण व्यवहार कर उन्हें कार्यक्रम से बाहर निकाले जाने का मामला ठंडा नहीं पड़ा था कि यूनिवर्सिटी के एक छात्र द्वारा आत्मदाह का प्रयास की घटना ने यूनिवर्सिटी को फिर से चर्चा में ला दिया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर के छात्र आयुष यादव ने गुरुवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया और अपोलो अस्पताल में उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। आयुष यादव नामक छात्र कोनी के रिवर व्यू स्थित प्राइवेट हास्टल में रहकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा है। गुरुवार को अचानक छात्र ने अपने रूम में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया। पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर रूप से झुलसे छात्र को लेकर सिम्स पहुंचाया गया, जहां से उसे अपोलो रिफर कर दिया गया और अपोलो हास्पिटल में उसका इलाज चल रहा है।



### साहित्यकार का अपमान का देशभर में विरोध

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पिछले सप्ताह साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में समकालीन हिन्दी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल अपना आपा खो बैठे और उन्होंने एक राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार कथाकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया। अचानक कुलपति के बदले रवैये से नाराज होकर कुछ और साहित्यकार कार्यक्रम से उठकर चले गए। कार्यक्रम में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो चक्रवाल अपना अध्यक्षीय उदबोधन दे रहे थे। कुलपति प्रो. चक्रवाल बोलते-बोलते विषयांतर हो गए और महाराष्ट्र नागपुर से आए साहित्यकार, कथाकार मनोज रूपड़ा से पूछ बैठे उन्हें कैसा लग रहा है। इस पर श्री रूपड़ा ने उनसे कहा कि आप इधर-उधर की जगह विषय पर बात करिए, इतना सुनते ही कुलपति चक्रवाल उखड़ पड़े और उन्होंने अपना आपा खोते हुए साहित्यकार से कहा कि कुलपति से कैसे बात करना चाहिए आपको नहीं पता, आप निकल जाईए, आपका यहां स्वागत नहीं है। कुलपति ने कार्यक्रम में उपस्थित यूनिवर्सिटी के लोगों को उन्हें बाहर निकालने कहा। इस घटना का काफी विरोध हो रहा है और सोशल मीडिया में भी काफी विरोध चला।

### बॉटनी के प्रोफेसर रूम में मिले थे मृत

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र मिश्रा यूनिवर्सिटी परिसर स्थित आवासीय कालोनी में अकेले ही रहते थे। वे मूलतः गोरखपुर बस्ती जिले के रहने वाले थे। अचानक एक रात प्रो. नरेन्द्र मिश्रा की तबियत खराब हो गई और उन्होंने फिजिक्स डिपार्टमेंट के एक शिक्षक को फोन कर बताया कि वे उठ नहीं पा रहे हैं। इसके बाद सुबह शिक्षक सहित यूनिवर्सिटी के कुछ लोग उनके घर पहुंचे, दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने किसी तरह दरवाजा तोड़कर प्रो. मिश्रा को रूम से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

### तालाब में लाश मिलने का मामला नहीं सुलझा

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में छात्र अर्सलान अंसारी की लाश मिलने का मामला अभी तक नहीं सुलझ पाया है। छपरा बिहार निवासी छात्र अर्सलान अंसारी बीएससी फिजिक्स की पढ़ाई यूनिवर्सिटी परिसर स्थित हास्टल में रहकर करता था। 21 अक्टूबर को अर्सलान हास्टल के अपने कमरे से निकलकर तालाब की ओर सीसीटीवी कैमरे में जाता दिखा। उसके करीब तीन-चार दिनों बाद 24 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक लाश तैरती दिखी, जिसे पुलिस द्वारा तालाब से बाहर निकलवाया गया।

### छात्र निष्कासन मामले में मचा था बवाल

सीयू द्वारा बीएससी कंप्यूटर साइंस के फाइनल ईयर के एक छात्र सुदीप शास्त्री को यूनिवर्सिटी से निकाल दिया गया। वहीं दूसरे छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया था। इन दोनों छात्रों का सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। छात्र सुदीप शास्त्री के करेक्टर सर्टीफिकेट में भी अनुशासनात्मक कार्रवाई संबंधी टिप्पणी लिख दिया गया था। इस मामले को लेकर काफी बवाल मचा था और एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी एवं कुलपति बंगला का घेराव किया था। इसी तरह शिवतराई कें एनएसएस कैंप में नमाज का मामला भी काफी गरमाया रहा।

## केंद्रीय मंत्री तोखन ने किया सोलर हाईमास्ट संयंत्र का लोकार्पण



लोकार्पण अवसर पर उपस्थित केंद्रीय राज्यमंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में ग्राम मोहभट्ठा में स्वयंभू भुनेश्वर मंदिर के पास 10 लाख 75 हजार रुपए की लागत से स्थापित 2 सोलर हाईमास्ट संयंत्र का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि सोलर हाईमास्ट संयंत्र लगने से क्षेत्र में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को आवागमन एवं सुरक्षा में सुविधा मिलेगी। यह योजना स्वच्छ एवं नवीनीकरण ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। तत्पश्चात अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। । उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की योजना अनुरूप पर्यटन स्थलों में प्रकाश व्यवस्था किया जा रहा है।

कार्यक्रम में रामकुमार कौशिक, वंदना जेण्ड्रे, सतीश शर्मा, गौरी ध्रुव, कोमल सिंह ठाकुर, सोमेश तिवारी, मोहन डोरिया, पुनिता डहरिया, विष्णु बिंदल, तुलसी बघेल, कृष्णचंद महापात्र, घनश्याम कौशिक, उमाशंकर कश्यप, लव श्रीवास, नरेन्द्र सन्नाड, मोहन वर्मा आदि मौजूद थे।

## 10 मिनट की डिलीवरी पर केंद्र सरकार ने लगाई रोक

**कैट प्रतिनिधियों ने जताया आभार**

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब मुद्दा व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जुड़ा हुआ हो तो कैट की आवाज़ निर्णायक होती है। कैट के राष्ट्रीय सचिव सतीश सलूजा (राजू) ने बताया कि वर्षो से कैट द्वारा उठाई जा रही चेतावनियों और संघर्ष की जीत है।

कैट ने संसद में मुद्दा उठाने से लेकर राष्ट्रीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, सरकार को पत्र और लगातार जनहित में चेतावनी आज लिया गया फैसला उसी सतत प्रयास का परिणाम है। संगठन का स्पष्ट कहना है कि अत्यधिक तेज डिलीवरी का दबाव डिलिवरी कर्मियों की जान के लिए खतरा है वही स्थानीय व्यापार और पारंपरिक रिटेल व्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा रहा था। बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कहा की केंद्र सरकार का यह निर्णय न केवल मानवीय बल्कि दूरदर्शी और समयोचित है, इससे डिलीवरी कर्मियों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित होगी,स्थानीय व्यापार और पूरे रिटेल इकोसिस्टम की रक्षा होगी । इसके लिए कैट बिलासपुर ईकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र सिंह अजमानी, उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, प्रवीण सलूजा, अनिल गुप्ता,श्रीकांत पांडे, मंत्री राजेश सैनी, राजेंद्र सिंह, मुकेश लालचंदानी, मनोज लाहोरानी, हरदीप होरा, राकेश भगवानी, विष्णु गुप्ता, अनिल राघवानी, अरविंद वर्मा, सुनील रॉय, सज्जन अग्रवाल , परमजीत उबेजा ने सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## सिम्स में इलाज की गुणवत्ता और मरीजों की बेहतरी के लिए कार्यशाला




**बिलासपुर।** उपचार की गुणवत्ता बढ़ाने और डाक्टर के साथ ही स्टाफ को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से सिम्स में 3 दिवसयी राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह मेडिकल कालेज के लिए नवाचार साबित हो रहा है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के समन्वयक डॉ. परमानंद अग्रवाल की देखरेख में सिम्स में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस दौरान 3 मेडिकल कॉलेजों के फैकल्टी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षुओं को सिम्युलेशन आधारित शिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रवक्ताओं ने कहा कि वास्तविक मरीज के संपर्क में आने से पूर्व डाक्टर कृत्रिम परिवेश में अभ्यास कर सॉफ्ट स्किल्स और व्यावहारिक दक्षता को सुधार सकते हैं। एटकॉम मॉड्यूल के तहत मरीजों के साथ बेहतर संवाद और नैतिकता पर भी गहन चर्चा की गई। आयोजन में संस्थान के वरिष्ठ विशेषज्ञों डाक्टरों की सक्रिय भूमिका देखी जा रही है। डॉ. लखन सिंह, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. केशव एवं अन्य फैकल्टी उपस्थित रहे। डीन डा रमणेश मूर्ति ने बताया किडाक्टर का काम महज इलाज तक सीमित नहीं है, मरीजों से उचित व्यवहार, अपने ज्ञान में निरंतर वृद्धि और सामाजिक सरोकार में बनाए रखना है। यह नवाचार डाक्टरों के लिए बेहद कारगर साबित होगी। इससे शिक्षण की गुणवत्ता के साथ मरीजों के लिए इलाज की गुणवत्ता भी सुधरेगी।

## एवीएम का शैक्षणिक एवं सैन्य दल आज भ्रमण के लिए कोलकाता होगा रवाना



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल द्वारा आयोजित कोलकाता एवं बैरकपुर शैक्षणिक एवं सैन्य भ्रमण के लिए विद्यालय का छात्र-दल आज बिलासपुर से रवाना हो गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी देश की प्रतिष्ठित सैन्य एवं सांस्कृतिक संस्थाओं आईएनएस नेताजी सुभाष एयर फोर्स स्टेशन, आर्मी यूनिट, हेडक्वार्टर ईस्टर्न एयर कमांड, एयर फोर्स स्टेशन बैरकपुर का भ्रमण करेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थी विक्टोरिया पैलेस, बिरला प्लैनेटोरियम और दक्षिणेश्वर काली मंदिर जैसे ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन भी करेंगे। यह यात्रा विद्यार्थियों को भारत की सैन्य शक्ति, वैज्ञानिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक मूल्यों की समग्र समझ प्रदान करेगी। इस यात्रा में विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी, प्रधानाचार्या जी. आर. मधुलिका, उदय शर्मा, रजनी सिंह तथा देवेन्द्र शास्त्री विद्यार्थियों के साथ उपस्थित हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि आईएनएस नेताजी सुभाष और आर्मी यूनिट के भ्रमण से विद्यार्थियों को भारतीय नौसेना एवं थलसेना की कार्यप्रणाली, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और राष्ट्रसेवा की भावना से अवगत कराया जाएगा।

## एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल बिलासपुर द्वारा आज अपने 20वें स्थापना दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन वसंत क्लब, एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी में किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की समितियों से लगभग 200 सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा शशि दुहन रहीं। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्षा अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार, विनीता जैन एवं शुभश्री महापात्र उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा श्रद्धा महिला मण्डल की वार्षिक पत्रिका "श्रद्धा संगिनी" का विमोचन किया गया। इस अवसर पर शशि दुहन ने कहा कि श्रद्धा महिला मण्डल की बीस वर्षों की यह यात्रा सेवा, समर्पण एवं महिलाओं के सामाजिक उत्थान की प्रेरक यात्रा रही है। उन्होंने मण्डल के सभी वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी लगन, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयास के साथ समाज विशेषकर महिलाओं के कल्याण करने कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मण्डल द्वारा मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों पर्यावरण संरक्षण, स्वरोजगार, कौशल विकास, शिक्षा, महिला स्वावलंबन, स्वच्छता आदि की जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त, वर्ष भर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समितियों एवं सदस्याओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और समारोह को स्मरणीय बना दिया।

### कर्मचारी संगठन का मिलन समारोह कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी-अधिकारी संगठन का वार्षिकोत्सव एवं पारिवारिक मिलन समारोह व वनभोज कार्यक्रम 18 जनवरी को स्मृति वन राजकिशोर नगर में आयोजित किया जाएगा,जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित रहेगे, विशिष्ट अतिथि के रुप में योगेश देवांगन, विकास कश्यप, हिमांशु जैन, रविन्द्र कुमार शर्मा, शशांक कोष्टा, के के भारद्वाज, विनय कुमार मिर्रे, सनत कुमार साव, डी एस चौहान, रजनीश आदित्य, राजीव सोनी, दीपक कुमार ठाकुर, बलराम साहू, प्रखर गुप्ता,बी एन पटेल, पी के शराफ, हिमांशु जैन इत्यादि उपस्थित रहेगें,कार्यक्रम में समिति के परिवारों के महिलाओं व बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

OBITUARY



With profound grief, we inform the sad demise of Late Smt. Sharlet Das, aged 68 years, who passed away on16 January 2025 at 3:15 AM.

**Mrs. Sharlet Das**
1958-2026

The funeral / last rites will be performed on **17 January 2025 at 3:00 PMat Prabhu ki Vatika (christian cemetery), Sindhi Colony, Bilaspur (C.G.)**

*.May the departed soul rest in peace.*

Deeply mourned by P. K. Das Family,
Anugrah Villa, Panna Nagar, Bilaspur (C.G.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# कभी न करें कुसंग, पटक देता है अंधकार में : संत कौशल





**19 को कथा का समापन**

राम कथा सुनने उमड़ रही भीड़

सत्संग करें या न करें खुद का मन है, पर कुसंग न करें। जहां छिप कर जाना, खाना, पीना पड़े यही कुसंग है। कुसंग अंधकार में पटक देता है। किसी दुश्मन, अग्नि, रोग को कभी छोटा न मानें। ये विकराल रूप धारण कर लेते हैं। मंथरा कुसंग है। इसके चलते माता कैकेयी ने भगवान राम को वनवास भेज दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में शुक्रवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने भगवान राम के वन गमन की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि राम के विवाह के बाद माता कैकेयी एकदम खुश थी कि अब राम सब तरफ से योग्य हो गया है उसे राज पाठ देकर हम लोग तीर्थ वैगरह जाएंगे। बाद में कुसंग के प्रभाव से नागिन हो गई। कैकेयी को कोप भवन में देख कर राजा दशरथ कहने लगे रानी तुम्हे क्या चाहिए। मांग लें। कैकेयी ने कहा कि मेरा वरदान बचा है उसे ही दे दें। अयोध्या का राज भरत को एवं तपस्वी वेश में राम को 14 वर्ष का वनवास दें। इतना सुनते ही राजा दशरथ कहने लगे रानी यह हंसी-मजाक का समय नहीं है। उसे किसने यह पाठ पढ़ा दिया है। कैकेयी कहने लगी ऐसा नहीं करने पर वह प्राण त्याग देगी। राजा दशरथ बोले एक समय जिद करती थी मेरा राम राजा बनेगा। क्या मुझे जीवित नहीं देखना चाहती हो। इस पर कैकेयी चीख कर कहने लगी कि राजन कल सुबह सूर्योदय से पहले राम वन नहीं गया तो मेरा प्राणांत हो जाएगा। उनकी इस बात को सुन कर राजा दशरथ परेशान होकर कहने लगे विधाता ये क्या हो रहा है कि उसे ये दिन देखना पड़ रहा है। कौशिल्या भी कहेगी कि मेरे राम का अपराध क्या था। राम पूछेंगे मेरा कसूर क्या है? भगवान सूर्य से प्रार्थना करने लगे उन्हें कल उदित नहीं होना है नहीं तो सूर्य वंश अस्त हो जाएगा और यह कहते हुए मूर्छित होकर गिर पड़े। अंत में आरती कर प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल सहित समिति के सदस्य एवं अन्य श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।

## माला पहनाने इंतजार में थे अयोध्यावासी

कथा व्यास ने बताया कि महल के सामने बड़े-बड़े हार लेकर अयोध्यावासी खड़े रहे कि राजा दशरथ निकलेंगे तो वे पहले उन्हें माला पहनाएंगे। इधर महल में सन्नाटा था। भगवान राम की राजतिलक की पूरी तैयारी हो गई थी। सुमंत्र स्थिति देख समझ गए और राम के महल में जाकर पिता के पास चलने कहा। राम आ गए पर सेवक-सेविकाएं कुछ बोलने को तैयार नहीं थे। राम सोचने लगे चार-चार बेटे वाले पिता का ये हाल है। फिर कैकेयी ने बताया कि उनका दो वरदान बचा था उसे उसने मांग लिया है। इसमें से दूसरे वरदान को उनके पिता सह नहीं पा रहे हैं। पिताजी का यश चाहते हो तो तुरंत वन को चले जाओ। इतना कहते ही कैकेयी से भगवान राम लिपट गए और उन्हें जननी कह कर संबोधित किया। इधर लोग जमीन में लेट गए कि हम राम को वन नहीं जाने देंगे। माता कौशिल्या रात भर जग कर राम के राजतिलक के लिए पोशाक तैयार की थी। बाहर निकलते ही राम को छाती से लगा लिया और कहा कि आज राजतिलक है।

## माता-पिता की आज्ञा है तो जाओ वन

कथा व्यास ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पावन भूमि का संस्कार माता कौशिल्या पर था। सुमंत्र की बात सुनकर राम से कहा कि यदि उनके पिता ने आदेश दिया होता तो रोक सकती थी पर बच्चे पर मां का अधिकार ज्यादा होता है। कैकेयी मेरी सौतन नहीं तेरी मां है। माता-पिता ने आज्ञा दी है तो वन जाओ। माता कौशिल्या ने अपने संस्कार के चलते इतना तो बोल दिया पर मां तो मां होती है। वहीं पछाड़ खाकर गिर गई। चीख सुनकर माता जानकी भी आ गई। राम ने कहा कि जानकी अपनी मां का प्राण उसे गिरवी देकर जा रहा हूं। जब वह 14 वर्ष बाद वापस आए तो मेरी मां जीवित मिलनी चाहिए। माता जानकी ने कहा तात मैं तो आपकी छाया हूं। अपनी छाया को कभी छोड़ कर जा सकते हैं। राम के मना करने पर जानकीजी ने कहा कि वे वन नहीं अपनी मां की गोद में खेलने जा रही है। वे उनके चरणों का दर्शन करते करते चलेगी। पति के बिना नारी का कोई जीवन नहीं है।

**इन अतिथियों ने लिया आशीर्वाद**

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य संरक्षक अमर अग्रवाल,श्रीमती शशि अग्रवाल, गुलशन ऋषि, गोपाल शर्मा, युगल शर्मा, उड़िया एसोसिएशन रेलवे, सुदर्शन समाज, डूमार समाज, पंजाबी हिंदू महिला संस्था, तमिल समाज, माहेश्वरी समाज, गाहोई वैश्य समाज, जिला भोई समाज, छत्तीसगढ़ क्षत्रिय आदिवासी समाज, मेहर समाज, कंवर समाज, कच्छवाहा समाज, अघरिया समाज और राजपूत क्षत्रिय समाज कार्यक्रम के अंत में श्री अमर अग्रवाल, श्रीमती शशि अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, संगठन महामंत्री भाजपा पवन साय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, संसद कमलेश जांगड़े, श्रीमती मीना साव, श्रीमती मंजू श्रीनिवास खेडिया, लखन लाल साहू, रजनीश सिंह, पवन अग्रवाल आदि ने आशीर्वाद लिया।

**आयोजन**

## आर्य समाज ने किया सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय, साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें यज्ञ करने के बाद सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय किया गया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्वों की अपनी महत्ता है। आर्य जाति को यह गौरव प्राप्त है कि इसमें ऋतु परक पर्वों की भरमार है। यही कारण है कि हमारी आर्य संस्कृति आज तक अक्षुण्ण बनी हुई है। मकर संक्रांति एक वैज्ञानिक पर्व है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तो उसको संक्रांति कहते हैं। 12 संक्रांति होती है लेकिन मकर संक्रांति ही पर्व के रूप में मनाई जाती है क्योंकि 6 मास तक सूर्य क्रांति वृत्त से उत्तर की ओर उदय होते रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को उत्तरायण और दक्षिण की ओर उदय की अवधि को दक्षिणायन कहते हैं।

**धर्म-क्षेत्र**

## मूल नायक भगवान के वार्षिक महामस्तक अभिषेक पर चढ़ाया जाएगा निर्वाण लाड़ू



**बिलासपुर।** श्री आदिनाथ जैन मंदिर क्रांति नगर में मूल नायक भगवान का 22वां वार्षिक महामस्तकाभिषेक शनिवार 17 जनवरी को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। महामस्तकाभिषेक, शांति धारा, संगीतमय पूजन के साथ निर्वाण लाड़ू चढ़ाया जाएगा। अभिषेक, शांतिधारा, लाड़ू चढ़ाने हेतु पात्रों का चयन बोली के माध्यम से किया जाएगा। बिलासपुर के इतिहास में प्रथम बार "निर्वाण महोत्सव" के दिन यह आयोजन किया जा रहा है। माघ कृष्ण चतुर्दशी पर शनिवार आना एक दुर्लभ और अत्यंत शुभ संयोग माना जाता है, क्योंकि यह तिथि स्वयं ही भगवान की पूजा के लिए महत्वपूर्ण है और इस दिन शनिवार से जुड़ाव होने से आयु, स्वास्थ्य और सभी सिद्धियों में वृद्धि का प्रबल योग बनता है, जो कई सालों में एक बार आता है। शनिवार-चतुर्दशी, साथ ही भगवान का "निर्वाण महोत्सव" के संयोग से भगवान का महामस्तकाभिषेक बहुत फलदायी होती है। इस दिन समाज के सभी लोग भगवान का दर्शन कर पूजा पाठ करेंगे। मंगलाष्टक प्रातः साढ़े 7 बजे प्रारंभ होगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या, 8 बजे से भक्ताम्बर पाठ 48 दीपों की आराधना के साथ होगी।

**आयोजन**

## वेटरेन डे- फौजी कभी नहीं होते हैं रिटायर : डॉ तिवारी



**बिलासपुर।** सैनिकों ने वेटरेन डे मनाया। अतिथि के रूप में डॉ विनोद तिवारी ने कहा कि फौजी कभी रिटायर नहीं होते हैं। वे हमेशा देश की सेवा करते हैं। जब यूनिफॉर्म पहनते हैं तब भी और यूनिफॉर्म नहीं पहनते तब भी। कार्यक्रम के आरंभ में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष कर्नल राकेश सिंह बिसेन ने रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा फौजियों के नाम लिखे संदेश को पढ़कर सुनाया और इस दिन का महत्व सभी को बताया। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 1953 को भारतीय सेना के पहले कमांडर इन- चीफ, फील्ड मार्शल केएम. कारियाप्पा सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान और सभी सेवानिवृत्त युद्ध सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने इस दिन को प्रतिवर्ष वेटरेन डे के रूप में मनाया जाता है। कर्नल राकेश सिंह बिसेन ने जिला सैनिक कार्यालय को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारी उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम**

## संस्कार फाउंडेशन ने वृद्धजनों मातृशक्तियों को बांटे लड्डू



**बिलासपुर।** नरसेवा ही नारायणसेवा की भावना को आत्मसात करते हुए, श्री संस्कार फाउंडेशन ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों व मातृशक्ति से भेंट की। उनके लिए तिल के लड्डू मिठाई एवं फल फ्रूट की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष सोनिया साहू ने कहा समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहना और मानवीय मूल्यों को जीवंत रखना ही जनसेवा का सच्चा उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था के लोग रश्मि दीक्षित श्वेता सिंह पुष्पा साहू निहारिका चटर्जी राजकुमारी द्विवेदी अमरजीत सिंह टुटेजा समाजसेवी चंचल सलूजा मौजूद रहे।

## वसुंधरा संस्था ने बांटे फल व केक

लायंस क्लब इंटरनेशनल संस्था के जनक मेल्विन जोन के जन्मदिन पर एवं लोहड़ी, मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन रोड पर बैठे हुए जरूरतमंद निर्धन लोगों के बीच सेवा कार्य किया गया। सचिव अर्चना तिवारी, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, मंजू मिश्रा के सहयोग से केक काट कर लोहड़ी व संक्रांति पर्व की खुशियां मनाई गई। सभी निर्धन परिवार के बच्चों जरूरतमंदों को केक, तिल के लड्डू एवं केले का वितरण किया गया। अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा के मार्गदर्शन में संजना मिश्रा, गायत्री कश्यप, सावित्री जायसवाल, सीता तिवारी ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# साधु संतों की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा, कथा व यज्ञ आज से





**26 जनवरी तक चलेगा उत्सव**

यज्ञ व कथा का शुभारंभ शनिवार से हो रहा है,श्रीमद भागवत कथा पं सुबोध ओमप्रकाश पाठक द्वारा 24 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रसपान कराया जाएगा। 23 जनवरी को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। 25 जनवरी को तैयोत्सवम् एवं नाव विहार के साथ चेन्नई की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रजनी कौशिक द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी। 26 जनवरी को यज्ञ महापूर्णाहुति, महाभंडारा, गुरुजी प्राकट्य जन्मोत्सव एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन होगा। वहीं 15 से 23 जनवरी तक रात्रि 7 बजे से श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन डॉ उग्रसेन कन्नौजे एवं मंडली द्वारा ग्राम परसदा में किया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनंद नटराज मूर्ति भगवान योगमूर्ति एवं श्री श्री श्री कांची कामकोटी पीठाधिपति जगतगुरु शंकराचार्य श्री महापेरियावा की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में महारुद्र शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा शनिवार से प्रारंभ हो रही है। शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा मनियारी नदी से जल उठाकर महिलाओं ने ग्राम खम्हारडीह स्थित आश्रम तक यह शोभायात्रा निकाली, इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश पूजन किया। यह यात्रा प्रयागराज से आएं साधु बाबा की अगुवाई में रही, जिसमें सभी संतों ने जयकारे लगाकर भव्य बनाया। यह आयोजन ग्राम खम्हारडीह में साकेत परसिया रोड स्थित श्रीचक्र महामेरु पीठम् आश्रम में किया जा रहा है। श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत विभूषित श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में 24वाँ वार्षिक महोत्सव आगामी 26 जनवरी चलेगा। इस पावन अवसर पर श्री महारुद्र शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा तथा श्रीकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर से अनेक संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों की उपस्थिति रहेगी।





# भारतीय ज्ञान परंपरा भारत की पहचान को मजबूत कर रही

**अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रथम दिवस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रथम दिवस शुक्रवार को संपन्न हुआ। यह सम्मेलन सांदीपनी एकेडमी एवं शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय, मस्तूरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में कुलपति प्रो वी के सारस्वत रहे। की-नोट स्पीकर के रूप में दिल्ली सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रो रमेश प्रसाद पाठक तथा द्वितीय की-नोट स्पीकर के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिर्बन चौधरी, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने की। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. रीता सिंह द्वारा दिया गया। कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने चार ऐसे सूत्र बताए जो आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाते हैं।

प्रथम वक्ता के रूप में प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने "भारतीय ज्ञान परंपरा एवं विकसित भारत की संकल्पना" विषय पर अपना प्रेरणादायी वक्तव्य दिया उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज वैश्विक मंच पर भारत की पहचान को और मजबूत कर रही है।

इस अवसर पर डायरेक्टर महेंद्र चौबे, प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, कन्वेनर डॉ रीता सिंह एवं डॉ दुर्गा बाजपेई सहित दोनों महाविद्यालयों के समस्त प्राध्यापकगण, शोधार्थी, शोध पत्र प्रस्तुतकर्ता उपस्थित रहे।

**स्पोटर्स न्यूज**

# धीरा सिंधी प्रीमियर का लैब स्टार्स ने जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रिकेट प्रतियोगिता धीरा सिंधी प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला स्काई किंग्स एवं लैब स्टार्स के बीच खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में लैब स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

इस रोमांचक फाइनल के साथ ही टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ, जिसे देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पूर्व सभापति अशोक विधानी एवं संत लाल साईं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अध्यक्ष रॉबिन वधवानी,सचिव जय गुरनानी, कोषाध्यक्ष सुमित सचदेव एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष पवन वधवानी के साथ-साथ संपूर्ण कार्यकारिणी का सराहनीय योगदान रहा। फाइनल आयोजन के दौरान की गई भव्य आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया, जिससे यह शाम खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए यादगार बन गई। अध्यक्ष विनोद मेघानी, हरिश भागवानी, डीडी आहूजा, किशोर गेमनानी, पीएन बजाज, ललित मखीजा,रमेश लालवानी उपस्थित रहे।

# सुंदरम ने कायम की बैडमिंटन के दोनों वर्गों में बादशाहत



उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में सुंदरम, सत्यम और शिवम निकेतन के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जहाँ खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल से दर्शकों का मन मोह लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुंदरम निकेतन का वर्चस्व रहा। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में सुंदरम की हिमाद्री श्रीवास्तव ने कड़े संघर्ष के बाद मधुरम की पायल साहू को 2-0 से पराजित किया। दोनों सेटों में खिलाड़ियों ने 20-20 का स्कोर बनाकर मैच को बेहद रोमांचक बना दिया था, लेकिन अंततः हिमाद्री ने अपनी एकाग्रता बनाए रखते हुए जीत हासिल की। वहीं सुंदरम अल्पना मीत तिग्गा ने शिवांगी गुप्ता पर एकतरफा 2-0 की बढ़त बनाकर अपनी टीम की बादशाहत साबित की। तत्पश्चात पुरुष वर्ग के फाइनल में सुंदरम के पृथ्वीराज सिंह ने सत्यम के अमर कुमार मलिक को 2-1 के अंतर से एवं देवनाथ महेश ने खेमराज राठिया को हराकर खिताब सुंदरम के नाम किया। शारीरिक दक्षता की परीक्षा लेने वाली रोप जंप प्रतियोगिता में इस बार शिवम निकेतन विजयी रहा। टीम की ओर से भारती ठाकुर, नैन्सी टोप्पो और ज्ञानदेवी बुडेक ने उत्कृष्ट तालमेल और गति का प्रदर्शन करते हुए अपने निकेतन का लोहा मनवाते हुए रोप जंप पर अपना कब्जा किया। द्वितीय सत्र के खेलों में महिला एवं पुरुष वर्ग के क्रिकेट मैच खेले गए। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहाँ खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। महिला वर्ग के पहले मुकाबले में सत्यम की टीम ने सुंदरम को एक रोमांचक मैच में 9 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सत्यम ने कुल 57 रन बनाए, जिसमें नम्रता ने सर्वाधिक 27 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुँचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुंदरम की टीम को सत्यम की रीत ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से बांधे रखा, जिन्होंने किफायती स्पेल फेंकते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई और अपनी टीम को 9 रनों से जीत दिलाई।

# आयुष बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

सेंट जेवियर, सिरगिट्टी विद्यालय द्वारा इंटर स्कूल बैडमिंटन दो दिवसीय टूर्नामेंट का सीएमडी महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया गया था। जिसमें शहर के तमाम निजी एवं शासकीय विद्यालयों के अंडर 17 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में आयुष बैडमिंटन एकेडमी,रेलवे, के खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रदर्शन के आधार पर दबदबा बनाते हुए,सिंगल बालक वर्ग में जयान अली चैंपियन रहे एवं रनर अप मोहम्मद आरिज़ एवं डबल्स बालक वर्ग में मोहम्मद आरिज़ एवं जैनुल खान चैंपियन रहें। आयुष बैडमिंटन एकेडमी से इस टूर्नामेंट में साराव यादव जैन इंटर नेशनल स्कूल, डी अविछित रेलवे स्कूल,शौर्य उभरनी बिलियंट स्कूल,मानविक शाह बिलियंट स्कूल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।



## खबर संक्षेप

### लीनेस क्लब की महिलाओं ने बांटी तिल खिचड़ी



**लोरमी।** फव्वारा चौक में मकर संक्रांति के अवसर पर लीनेस क्लब की ओर से तिल खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के पर्व में तिल खिचड़ी के विशेष महत्त्व को देखते हुए सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक लीनेस क्लब के सदस्यों ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। आयोजन में निक्की सलुजा, खुशबू आदित्य वैष्णव, रश्मि अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, संध्या पांडेय, शशि आहूजा, आशा अग्रवाल, हेमलता खत्री, मधुमाला दास, एकता केशरवानी, सुमेधा केशरवानी, आशा योगेश अग्रवाल, सविता पाठक ,उमा साहू, ममता सलुजा, आशा साहू, अनु परिहार, ज्योति तिवारी, चांदनी सलुजा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### बसंत पंचमी पर समूह साधना एवं दीप महायज्ञ का आयोजन

**तखतपुर।** बसंत पंचमी पर्व 23 जनवरी को सरस्वती पूजन के अवसर पर ग्राम अमोरा सामुदायिक भवन परिसर में शाम 4 से 6 बजे तक समूह साधना एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में नारायण प्रसाद पाली, व्यास नारायण, डॉ राहुल, सुरेश डडसेना, दिनेश साहू, रामसनेही पटेल, रघुनाथ पटेल जुटे हुए हैं।

### पिता की पुण्य स्मृति में पांडे परिवार ने किया सेवा कार्य



**रतनपुर।** पांडे परिवार रतनपुर की ओर से पिता स्व ईश्वर प्रसाद पांडेय की पुण्य स्मृति में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र शिवपुर में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 निर्धन परिवारों की महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु शॉल, कंबल, जैकेट, मोजा एवं टोपी का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में ओंकार पांडेय, नेहा पांडेय, शिवा पांडेय, हेमलता पांडेय, प्रबोधा पांडेय, ब्रह्मदत्त पांडेय, रत्नेश्वर पांडेय, उमा मिश्रा, ऐश्वर्य एवं पूर्वा की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान ज्ञानधार शास्त्री ने ग्रामीण जनों को नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों के लिए घातक है, इससे दूर रहकर ही सकारात्मक और खुशहाल जीवन संभव है। ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य के लिए पांडे परिवार का आभार व्यक्त किया और इसे प्रेरणादायक पहल बताया।

### औराबांधा में कोतरी कॉलेज का रासेयो शिविर आयोजित

**लोरमी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कोतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत औराबांधा में किया जाएगा। 'नशामुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर पर 23 से 29 जनवरी तक आयोजित किया शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें 50 स्वयंसेवी छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगे। शिविर में सातों दिन तक ग्राम में विकसित भारत, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त समाज, यातायात जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, योग एवं स्वास्थ्य, साइबर अपराध, वित्तीय जागरूकता के अतिरिक्त विविध सामाजिक ,सांस्कृतिक, बौद्धिक परिचर्चा एवं विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम सहित सुबह कालीन योग, पीटी श्रमदान के कार्य एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकुमार जायसवाल ने दी।

### करनकापा समिति के प्राधिकृत अधिकारी बने अजगल्ले

**तखतपुर।** उप पंजीयक सहकारी संस्था बिलासपुर की ओर से करनकापा सेवा सहकारी समिति के लिए शिवेंद्र कुमार अजगल्ले को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। पूर्व में यहां सिलतरा निवासी दिनेश साहू जो अशासकीय व्यक्ति था, प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## तीन दिवसीय बेलतरा महोत्सव का संस्कृति मंत्री ने किया शुभारंभ

# छग की सांस्कृतिक विरासत सहेजने सरकार प्रतिबद्धः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 16 से 18 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय बेलतरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य के रूप में प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए एवं महोत्सव का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मौजूद रहे। साथ ही छग पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष राम कुमार कौशिक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

■ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से भाव विभोर दर्शक





### छग की कला-संस्कृति को सहेजने हमारी सरकार प्रतिबद्धः अग्रवाल

नगपुरा मेला मैदान में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को सहेजने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, और विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। माताएं-बहनें, युवा, किसान और कर्मचारी सभी छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों और योजनाओं से खुशहाल हैं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ के पुरातन मंदिरों को संरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है और क्षेत्र के ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोधार किया जाएगा। उन्होंने बेलतरा क्षेत्र में मंदिर के समीप धर्मशाला निर्माण की घोषणा की, जिसका उपयोग स्थानीय निवासी सामुदायिक भवन के रूप में भी कर सकेंगे।

### ऐसे आयोजन से जनता का जुड़ाव होता है

इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजेश पांडेय ने आयोजन के लिए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों और आयोजन समिति के सदस्यों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि, ऐसे आयोजन से जनता का जुड़ाव होता है। महोत्सव, मेले न केवल स्थानीय संस्कृति का संरक्षण करते हैं, बल्कि ऐसे आयोजन से लोगों के बीच आत्मीयता और मेल मिलाप संभव हो होता है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तीन दिवसीय समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, महोत्सव में लोक कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही लोगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से प्राप्त होगी,और वे इन योजनाओं से भी लाभान्वित होंगे।

### प्रसिद्ध कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

पहले दिन लोक गायक चंदन यादव एवं लोक गायिका अल्का चन्द्राकर ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने इन कार्यक्रमों का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में बेलतरा महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य, ग्राम कड़री सरपंच गंगा प्रसाद साहू सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों का योगदान रहा।



## गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव गुरुवार को गोंड़खाम्ही में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं सतनाम मेला में सम्मिलित हुए। उन्होंने इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ बाबा जी के गुरु गद्दी को नमन किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, सर्व समाज ने मिलकर बाबा जी की जयंती एवं भव्य सतनाम मेला का आयोजन किया है। एकजुट और समरसता का परिचय देने वाले सभी समाज बधाई के पात्र है। ऐसे ही आपस में मिलकर लोरमी और गोंड़खाम्ही को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने आगे कहा कि, बाबा जी ने मनखे मनखे का संदेश दिया है, जिसे आज गोंड़खाम्ही के लोगों ने चरितार्थ किया है। आज छत्तीसगढ़ में आवास में प्रेम और सौहार्द है। यहां के संत महात्माओं ने एकता और समरसता का सीख दिया है। बुराई को दूर कर अच्छाई को अपनाने का संदेश दिया। बाबा जी ने समाज को दिशा दिखाने और आगे बढ़ाने मार्गदर्शन किया, इसलिए गांवों में जयंती कार्यक्रम मना रहे है। बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता और मानवता के मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलती है।

### मंच निर्माण के लिए राशि की घोषणा

इस दौरान अरुण साव ने बताया कि, गोंड़खाम्ही के विकास के लिए 1.10 करोड़ स्वीकृत किए हैं। इस अवसर उन्होंने साव ने मंच निर्माण के लिए 7 लाख और बाजार परिसर में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिपं सदस्य रत्ना काठले, जिला सदस्य अनीता साहू, जिपं सदस्य समुंद सिंदराम, सुरजीत भार्गव, प्रदीप गायकवाड़, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, प्रदीप साहू, जवाहर दिवाकर, मोहन साहू, संजय, कोमल गिरी गोस्वामी, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, विनय साहू, महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, प्रदीप शर्मा, लेखराज सिंह ठाकुर, सुशील यादव, रामेश्वर बंजारे, सरपंच रमेश मरावी, मूलचंद, प्रदीप साहू, जीवन साहू, आदित्य पांडेय, विष्णु खरे, महंत, राजमहंत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजमती ने किया खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



**पेंड्रा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने गुरुवार को जिले के प्रमुख धान खरीदी केंद्र पेंड्रा, सेमरा एवं जोगीसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसानों से सीधे संवाद किया, और धान खरीदी की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, भुगतान, बारदाना की उपलब्धता तथा मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि, कांग्रेस सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था या किसानों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि, किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो और शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीदी की प्रक्रिया संपन्न की जाए। इस दौरान किसानों ने कुछ केंद्रों पर तौल में हो रही देरी और बैठने की समुचित व्यवस्था न होने की शिकायत की। इस पर जिलाध्यक्ष ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर गुलाब राज मुद्रिका, सर्राती बलबीर करसायल, अमोल पाठक, नारायण शर्मा, राकेश मसीह, हरीश रे, विनय चौबे, प्रफुल्ल प्रकाश, पंकज तिवारी, ओमप्रकाश बांका, मनीष दुबे, श्रीकांत मिश्रा, अफसर खान, कैलाश बाबा, साथी विक्रांत रोहणी, हेमनाथ सारती, सुलेंद्र यादव, जयपाल सिंह, लालता सिंह, निलेश साहू, पवन नागवंश, सविता राठौर, सुनीता टिमोथी, रियांश सोनी, अमित सोनी, जमील खान, असलम खान, डब्लू सोनी सहित कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

■ किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

## पंचायत स्तर पर तेज हुआ मनरेगा बचाओ संग्राम



**पेंड्रा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत जीपीएम जिले में पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजमति भानु के नेतृत्व में जिले के विभिन्न गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दर्री, बरटोला, हर्री, गांगपुर, पतगंवा, बंधी, कूड़कई एवं अड़भार गांवों में चौपाल लगाई गई, जहां ग्रामीणों, मनरेगा मजदूरों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखी। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमति भानु ने कहा कि, मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार, सम्मान और आजीविका का मजबूत आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि, वर्तमान समय में मजदूरी भुगतान में देरी, काम के दिनों में कटौती और बजट में कमी के कारण ग्रामीण मजदूरों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेता गुलाब राज ने कहा कि, ग्रामीणों ने बताया कि, समय पर मजदूरी भुगतान नहीं होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और मजबूत करने के लिए निरंतर संघर्ष करेगी तथा ग्रामीणों की मांगों को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। मुद्रिका सर्राटी ने कहा कि, मनरेगा के तहत काम के दिन लगातार घटाए जा रहे हैं, और भुगतान में भारी देरी हो रही है। इससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ ग्रामीण जनता के साथ मजबूती से खड़ी है। किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे ने कहा कि, मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की रीढ़ है।

■ गांवों में चौपालें लगाकर ग्रामीणों से किया जा रहा सीधा संवाद

## अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, चलाया बुलडोजर



**मुंगेली।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र पुराने बस स्टैंड में अवैध रूप से किए गए निर्माण को प्रशासन ने जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में राजस्व पुलिस एवं नगर पालिका की टीम जुटी रही। जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित नगर पालिका और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ने बताया कि, पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण किया गया था। नगर पालिका द्वारा पूर्व में संबंधित अतिक्रमणकर्ता को नोटिस जारी कर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके निर्धारित समय-सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए विधिवत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल और प्रशासनिक अमला तैनात रहा। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, शहर की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे में भविष्य में भी नगर क्षेत्र सहित जिले के अन्य हिस्सों में अतिक्रमण के खिलाफ इसी तरह की सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

■ पुराने बस स्टैंड में अवैध निर्माण को किया गया जमींदोज

## बिजली विभाग की कार्रवाई से हड़कंप, काटे गए 662 कनेक्शन

**सीपत।** बकाया राशि और अवैध विद्युत उपयोग के खिलाफ सीपत विद्युत मंडल विभाग की अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विभाग की ओर से व्यापक अभियान चलाकर 662 बकाया उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए, वहीं 102 बड़े बकायादार उपभोक्ताओं से 11 लाख रुपए से अधिक की वसूली कर राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। इस अभियान के दौरान यह भी सामने आया कि, कई उपभोक्ता कनेक्शन कटने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। ऐसे मामलों में विद्युत विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 11 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई। विभागीय कार्रवाई के दायरे में गुड़ी, झलमला, कौड़िया, मोहरा, कुली आवास पारा सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र शामिल रहे। टीम द्वारा घर-घर जांच कर बकायादारों और अवैध उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया।

### एई का सख्त संदेश



सीपत विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कौशल जायसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि, बिजली विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। बकाया राशि जमा नहीं करने वालों और अवैध कनेक्शन से बिजली उपयोग करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि, समय पर बकाया राशि जमा कर विभागीय कार्रवाई से बचें, और वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें।

### अभियान से बढ़ा विभागीय अनुशासन

विद्युत मंडल की इस निर्णायक कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि क्षेत्र में बिजली चोरी और बकाया को लेकर कड़ा संदेश भी गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी सघन जांच अभियान चलाया जाएगा।

## पड़रिया विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन

**तखतपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़रिया परिसर में ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गेश मरावी की ओर से विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच दुर्गेश मरावी ने कहा कि, शिक्षा ही समाज की प्रगति का मूल आधार है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण, संस्कार और सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। न्योता भोज जैसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं, और बच्चों में सामाजिक समरसता की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान किया तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर संकुल प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत, जितेंद्र शुक्ला, राकेश पाठक, जितेंद्र ठाकुर, सोनू राम यादव,लक्ष्मी पटेल, नंदलाल यादव, देशराज साहू, प्रतिभा शुक्ला,ज्योति पाल, विभा शर्मा,अवधेश क्षत्री सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के लिए सरपंच दुर्गेश मरावी का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**//उद्‌घोषणा//**

रा.प्र.क्रं. ../ब-121/2025..26
ग्राम कुरानकापा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कुरानकापा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. विजय आनंद पिता/पति स्व.मिठाई जाति... निवासी ग्राम कुरानकापा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने दादा स्व. नंदूराम के मृत्यु दिनांक 23/10/2012 को ग्राम पंचायत कुरानकापा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 2/2/2026. को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र................
ग्राम जोगीपुर प.ह.नं. 03

**// ईश्तहार//**

मालती बाई साहू बनाम छ.ग. शासन

एतद् द्वारा आवेदिका मालती बाई साहू उम्र 40 वर्ष पति स्व. उमाशंकर साहू जाति तेली निवासी ग्राम सकेरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पति उमाशंकर साहू की मृत्यु दिनांक 17.05.2025 को सांवतपुर ए.टी.आर. ग्राम पंचायत जोगीपुर तहसील व थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने के कारण पूर्व में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर पाया था जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/01/2026 को दिन 10:30 बजे स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें।

आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तखतपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह./ वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 16/01/2026

ग्राम लिंगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 तहसील बिलासपुर स्थित ख.नं. 70/2, 70/7, 70/8, 70/9 रकबा 23974 हेक्टेयर / एकड़ भूमि का छ.ग.राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक / आवेदिका तिरुमल लेंड डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स (भागीदार कामता प्रसाद कटारा) पिता/ पति कैलाश प्रसाद निवासी राज किशोर नगर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 20/02/2026 सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 16/1/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक /Q/ तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 14/01/2026
ग्राम कुदुदण्ड

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदका शशि मिश्रा पिता /पति रमेश मिश्रा निवासी ग्राम तिलक नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु /मृतक/मृतिका काजल मिश्रा के जन्म /मृत्यु दिनांक 06/02/1998 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/01/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
पक्षकार :-श्रीमती शेहर बानो पति अकबर अली ............आवेदिका

बनाम

मुर्तजा भोपालवाला पिता आबदे अली......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शेहर बानो पति अकबर अली निवासी बोहरा मस्जिद के पास गोकुल चंद्रामा मंदिर रोड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, बुढ़हापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोलबाजार शीट नं. 32 प्लाट नं. 49 रकबा 1850 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनावेदक मुर्तजा भोपालवाला पिता आबदे अली के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के द्वारा उक्त भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.01.2012 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 04.02.2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 18/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी बेनीराम यादव पिता श्री बोधराम यादव, उम्र 61 वर्ष, जाति यादव, व्यवसाय कृषि, निवासी अमने कोटा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के स्वत्व, स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 1081/11 रकबा 0.13 एकड़ भूमि ग्राम अमने, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. कोटा, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे भूमिस्वामी द्वारा मेरे आसामी के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके एडवांस प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना निश्चित है, यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय, महाजन, किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15/- (पन्द्रह) दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते है, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जाएगा। सो सूचना जाने

दिनांक : 01/01/2026
स्थान - बिलासपुर

भवदीय
**लवकुश साहू - अधिवक्ता**
**छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**कार्यालय : अधिवक्ता कक्ष, जनरल हाल, छ.ग. उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9893837240, 9827150316**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

ग्राम खरकेना उप तह, सकर्रा
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम खरकेना को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरादास पिता धीरचंद जाति सतनामी निवासी खरकेना उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में अपील मामला क्रमांक 142 ई कोर्ट क्र. 2021110071000018 / 0752 / Apl/अ-6 / 2021-22 पक्षकार हीरादास विरूद्ध उमेद वगै. में पारित आदेश दिनांक 04.09.2025 अनुसार ग्राम खरकेना स्थित भूमि ख.न. 291/1 रकबा 1.0920 हे. उमेद वगै (उत्तरवादी 01 से 05) का नाम दर्ज में से रकबा 0.60 एकड रकबा विभाजित कर आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज करते हुए राजस्व अभिलेख में वर्तमान में हुए बटांकन से बढ़ते क्रम में खसरा नंबर प्रदान करने का आदेश दिनांक 04.09.2025 को पारित किया गया है। उक्त आदेश का परिपालन हेतु निवेदन किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उप-तहसील सकर्रा**
**तहसील सकरी**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## चोरी के चंद घंटों बाद आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** घर का ताला तोड़ कर सवा लाख रूपए और आर्टिफिशियल ज्वेलरी की चोरी करने के मामले में पुलिस ने चोर को धरदबोचा है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। चोरी के कुछ ही घंटों के बाद सरकंडा पुलिस ने चोर को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र के चांटीडीह की है। जहां ईतवारा बाई यादव पति राजेन्द्र यादव उम्र 60 वर्ष ने 15 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि वह चना मुर्रा का दुकान चलाती है। सुबह 7 बजे दुकान चली गई थी और दोपहर 12 बजे लौटी। इस दौरान घर में लगा ताला एवं कुण्डी टूटा हुआ था। कमरे में सारा सामान बिखरा था। इस दौरान 1 लाख 15 हजार रूपए और बजारू चूड़ी 5 नग चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने सूचना पर संदेही हरि उर्फ हरिशचन्द्र देवांगन पिता झूमूक लाल देवांगन उम्र 32 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, इस दौरान उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया है।

## 5 किलो गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गांजे की तस्करी को पकड़ने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। बेलगहना चौक को मुखबीर से सूचना मिली थी कि फारेस्ट कालोनी में दादा मिया नाम का व्यक्ति अवैध तरीके से गांजा रखा है। बेलगहना पुलिस के द्वारा टीम गठित कर मौके पर पहुंची। मुखबिर के निशानदेही पर नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत विधिवत रेड के दौरान आरोपी दादा मिंया पिता मौली बक्स उम्र 65 साल के घर से थैला में 5 किलो बरामद किया गया है। जिसकी कीमत ढाई लाख रूपए के आसपास है। आरोपी ने बताया कि ग्राम बेलगहना के गुण्डा बदमाश लक्ष्मण यादव से 5 किलो गांजा खरीदा था। उसने महज 20 हजार देकर गांजा खरीदा था और बाकी की रकम गांजा बेच कर चुकाने का वादा किया था, पुलिस अब लक्ष्मण यादव की पता तलाश कर रही है।

## पुलिस ने लूट के आरोपी को भेजा जेल

**बिलासपुर।** बीती रात कोनी क्षेत्र में गुंडागर्दी करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में कोनी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भे दिया है। घटना के अनुसार 14 जनवरी की रात 10.30 बजे तामेश्वर सोनी मार्क अस्पताल से अपने घर जा रहे थे। कोनी के फारेस्ट कार्यालय के पास पहुंचे थे इस दौरान तीन अज्ञात लड़कों ने लिफ्ट मांगने के लिए उनकी गाड़ी को रोकवाया। इस दौरान गाड़ी चला रहे तामेश्वर जमीन पर गिर गए, युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए पर्स में रखे 11 हजार रुपए व अन्य सामानों की लूट को अंजाम दिया। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान शुक्रवार को संदेही इमलीभाठा निवासी लक्ष्मण वंशकार उर्फ छोटू पिता दयाराम उम्र 22 साल को पुलिस ने हिरासत मे लिया और कड़ाई से पुछताछ की। उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूटपाट करना स्वीकार किया। आरोपी लक्ष्मण वंशकार उर्फ छोटू के द्वारा लूटे हुए 4हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। वहीं 3 हजार खर्च करना बताया गया है। आरोपी ने रकम की अन्य राशि अपने साथियों का बांटने की बात कही है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**40 करोड़ का धान जब्त करने की कार्रवाई का नतीजा** | **मिलर्स की हर गतिविधियों की पल पल की खबर**

# जिले की 181 राइस मिलें स्टेट कमांड सेंटर के निशाने पर, संदेह होने पर छापामारी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत जिले के 181 राइस मिल राज्य स्तर पर गठित स्टेट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के निशाने पर हैं। कमांड सेंटर से प्रत्येक मिलर की पल-पल की गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की आशंका होते ही सीधे छापेमारी के आदेश जारी किए जा रहे हैं। लगातार तीन दिनों में तीन राइस मिलों को सील करने एवं 40 करोड़ का धान जब्त करने की कार्रवाई इसी का नतीजा है।

राइस मिलों पर लगातार एक के बाद एक कार्रवाई के पीछे स्थानीय एवं स्टेट लेबल पर गठित टीम की संयुक्त मेहनत है। दोनों ही टीमों के द्वारा प्रत्येक राइस मिलों पर न केवल तकनीकी माध्यमों से, बल्कि मौके पर जाकर छापामार कार्रवाई कर भौतिक सत्यापन के माध्यम से भी गड़बड़ी का पता लगाया जा रहा है। जिले में इस साल धान की कस्टम मिलिंग के लिए 181 राइस मिलर्स को पंजीकृत किया गया है, जो लगातार उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी कर रहे हैं।

उठाव के अंतर्गत धान की जो मात्रा उनके द्वारा राइस मिलों तक लाई गई है, भौतिक सत्यापन के दौरान वही मात्रा अगर मिल परिसर में नहीं पाई गई तो जांच टीम के द्वारा शत प्रतिशत यह मान लिया जाता है कि मिलर के द्वारा धान के री-सायकलिंग का प्रयास किया गया है। इसी तरह के तीन मामलों में स्थानीय टीम के द्वारा अब तक तीन मिलों को सील करने की कार्रवाई करते हुए 40 करोड़ का धान भी जब्त किया गया है।

### हर एक वाहनों की जीपीएस से निगरानी

राज्य स्तर पर गठित कमांड सेंटर द्वारा धान के उठाव कार्य में लगे प्रत्येक वाहनों को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा है। वाहन द्वारा समिति से धान उठाव करने के पश्चात अधिक समय तक एक ही स्थान पर रूकने या वाहन की निर्धारित क्षमता से अधिक मात्रा में धान का परिवहन करने पर इसकी सूचना आईसीसीसी पोर्टल पर ऑनलाईन प्रदर्शित होने लगती है। इसकी जांच जिला स्तर पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी की जाती है।

### कार्रवाई के दिए गए हैं निर्देश

राइस मिलों में जाकर मौके पर भौतिक सत्यापन करना वैसे तो एक रूटीन की प्रक्रिया है, जो चल ही रही है, लेकिन प्रदेश स्तर पर स्थापित स्टेट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर द्वारा मिलरों के प्रत्येक वाहनों की भी पल-पल की खबर ली जा रही है। किसी भी तरह का संदेह होने की स्थिति में कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं।

**-अमृत कुजूर,**
खाद्य नियंत्रक

**नगर निगम की सख्ती के बाद हरकत में आए दुकानदार**

# पांच सालों से जमा नहीं किया 24 लाख, हंगामे और विरोध के बीच सुभाष काम्प्लेक्स की 9 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंदिर चौक स्थित सुभाष काम्प्लेक्स की 9 दुकानों को निगम ने शुक्रवार की दोपहर सील कर दिया। इन दुकानादारों से पिछले पांच सालों से किराया जमा नहीं किया था। दुकानदारों को तीन बार नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। भारी विरोध और हंगामे के बीच निगम ने तालाबंदी कर दी। इस दौरान निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के पास नेताओं के फोन भी आते रहे है। हालांकि बाद में शाम को दुकानदारों ने 5 लाख 63 हजार राशि जमा कर दी। इसके बाद सील दुकानें खोल दीं गईं।

■ शाम को दुकानदारों ने 5 लाख 63 हजार राशि जमा की

शुक्रवार को निगम ने जरहाभाटा मंदिर चौक स्थित नेताजी सुभाष कांप्लेक्स में निगम की दुकानों में किरायेदार के रूप में काबिज 9 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुबह दुकानों में ताला लगा दिया। जिसके बाद 9 दुकानदारों ने शाम तक बकाया किराए की राशि में से लगभग आधा 5 लाख 63 हजार रुपए जमा कर दिए। इन सभी दुकानदारों का करीब 24 लाख रुपए बकाया था। सीलबंदी की कार्रवाई के बाद सभी ने निगम कार्यालय पहुंचकर बकाया राशि में से आधी रकम का भुगतान किया है। शेष बकाया राशि जल्द जमा करने का आश्वासन दिया है,जिसके बाद सभी दुकानों से सील खोल दी गई।



मंदिर चौक स्थित सुभाष काम्प्लेक्स में तालाबंदी की कार्रवाई करते निगम कर्मचारी।

### इन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई

नेताजी सुभाष कांप्लेक्स में किराया नहीं पटाने वाले दुकानों में शुभम मेडिकल, गणपति ऑटोमोबाइल, केसी ऑटो जोन, दृष्टी ऑप्टिकल, विलो कान्हा मोबाईल, छत्तीसगढ़ बुक डिपो, अनिल मेडिकल, आदित्य मोबाइल, आरके इलेक्ट्रॉनिक में सीलंबदी की कार्रवाई की गई।

### किराया सिर्फ 800, वो भी नहीं चुका रहे

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक इन दुकानों का किराया 800 रुपए से लेकर एक हजार तक है। इसके बाद भी इनका किराया नहीं जमा किया जा रहा था। यह भी जानकारी मिली कि इनमें से अधिकांश लोगों ने दुकानों को उपकिराएदारी में चढ़ा दिया है और दूसरे लोगों सो 40 हजार रुपए प्रति महीना तक ले रहे हैं। ध्यान रहे कि नगर निगम की दुकानें मुख्य रूप से गोल बाजार, शनिचरी बाजार, प्रताप चौक आदि जगहों में है। कई दुकानों को 20 तो कुछ को 90 साल पहले मामूली किराए पर दिया गया है। तय नियम के अनुसार पिछली बार सभी दुकानदारों की लीज 30 साल के लिए नवीनीकरण किया गया था। उनकी अवधि भी पूरी हो चुकी है।



एटीआर में ट्रैप कैमरा लगाते विभाग के कर्मचारी।

# बाघों की गणना करने लगाए गए ट्रैप कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में एक बार शाकाहारी-मांसाहारी वन्यप्राणियों के अलावा बाघों की गणना के लिए ट्रैप कैमरा लगाना शुरु कर दिया गया है। इसके लिए प्रथम चरण की शुरुआत एटीआर के तीन रेंज अचानकमार, छपरवा और लोरमी बफर से की गई है। इस कार्य में देहरादून से भी प्रशिक्षण देने लोग पहुंचे हैं।

एटीआर में बाघों की गणना करने के लिए ट्रैप कैमरा लगाना शुरु कर दिया गया है। कैमरा लगाने से पहले एकत्रित करने के बाद उसकी जांच कर उसे ठीक भी कराया गया है। जानकारी के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व में चार साल में एक बार मुख्य गणना होती है। वहीं फोर फेस मानिटरिंग साल में दो बार की जाती है, जो नियमित प्रक्रिया है। इसे लेकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से निर्देश भी दिए गए हैं, जिसके तहत एक गणना गर्मी और दूसरी ठंड के सीजन में की जाती है।



■ एटीआर के अचानकमार, छपरवा और लोरमी बफर जोन में शुरू

साल में दो बार होने वाली इस गणना के तहत पहले तीन दिन ट्रेल लाइन पर बाघों के पंजों के निशान आदि देखे जाते हैं, जिसके उपरांत तीन ट्रांजिट लाइन में वन अमला चलता है, जिसके उपरांत ही ट्रैप कैमरे से गिनती की जाती है। सबसे महत्वपूर्ण कैमरा ट्रैपिंग से गणना होती है, जिसके तहत कोर जोन में जितने स्थानों पर ग्रीन चिन्हिंत किए गए हैं वहीं कैमरे लगाए जाते हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधक ने तैयारी करने के बाद कैमरा लगाने की शुरुआत कर दी है। इसमें मुख्य रूप से आटोमेटिक फोटो क्लिक होंगे या नहीं, उसे भी लगाया गया है ताकि जब कैमरे के सामने से बाघ या अन्य वन्यप्राणी गुजरे तो उनकी फोटो कैद हो जाए। इस संबंध में जानकारी देते हुए एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने बताया कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में अखिल भारतीय बाघ आंकलन एआईटीआई का कार्य शुरु हो गया है। यह कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रति चार साल में समस्त टाइगर रिजर्व व वनमंडल में किया जाता है, जिससे समस्त परिक्षेत्रों में ट्रैप कैमरा लगाकर शाकाहारी व मांसाहारी वन्यप्राणियों की गणना एवं उनकी उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की जाती है। इस कार्य में टाइगर सेल देहरादून के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं डब्लूडब्लूएफ से आए वरिष्ठ कर्मचारी उचित प्रशिक्षण प्रदान कर एआईटीआई कैमरा ट्रैपिंग कार्य में सहयोग दे रहे हैं। वर्तमान में 300 कैमरा अचानकमार, छपरवा और लोरमी बफर में लगा दिया गया है, जिसे 25 दिन बाद निकालकर डाटा कलेक्ट करने के उपरांत लमनी, केंवची, सुरही और कोटा बफर में लगाया जाएगा।

# परिचित को बारदाना देने पर धान खरीदी प्रभारी निलंबित

**बिलासपुर।** सहकारिता विभाग एवं सहकारी बैंक की संयुक्त टीम के द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गतौरा खरीदी केंद्र में वजन से अधिक तौल करने एवं परिचित को बारदाना उपलब्ध कराने पर खरीदी प्रभारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, बारदाना प्रभारी व प्राधिकृत अधिकारी पर कार्रवाई की गई है। दूसरे मामले में घुटकू समिति में किसान के खाते में अन्य स्त्रोतों से प्राप्त धान खपाने की शिकायत मौके पर सही पाए जाने पर खरीदी प्रभारी एवं प्राधिकृत अधिकारी पर कार्रवाई की गई है।

■ उपार्जन केंद्र गतौरा व घुटकू का मामला

शुक्रवार को सहकारिता विभाग व सहकारी बैंक की संयुक्त टीम के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान

मस्तूरी विकासखण्ड के गतौरा धान खरीदी केन्द्र की जांच की गई। यहां तय वजन से अधिक तौल किया जाना व अपने परिचित को खाली बारदाना दिया जाना पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए धान खरीदी प्रभारी गतौरा लव कुमार यादव, बारदाना प्रभारी शैलेश राठौर, कंप्यूटर ऑपरेटर हुलेश्वर धीरही को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गई, वहीं प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र राठौर को पद से हटाने की कार्यवाही की गई है।

दूसरे मामले में खरीदी केंद्र घुटकू के प्राधिकृत अधिकारी दुर्गेश रजक द्वारा फड़ प्रभारी एवं बारदाना प्रभारी मुकेश कुमार लोनिया से सांठगांठ कर किसानों के शेष बचे रकबे में धान खपाते पाया गया । इस मामले में उपायुक्त सहकारिता द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से दोषी कर्मचारियों को निलंबित किया गया है एवं उक्त दोनों समितियों के प्राधिकृत अधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया गया है।

### कार्रवाई लगातार जारी, कुछ में एफआईआर भी

प्रशासन के निर्देशानुसार जिले की संयुक्त टीम के द्वारा उपार्जन केंद्रों का लगातार आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान शिकायत सही पाए जाने व अनियमितता नजर आने पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसके अंतर्गत टीम के द्वारा पूर्व में एरमशाही खरीदी केंद्र में एफआईआर दर्ज किया गया था। इसी तरह गुमा, चपोरा, पिपरतराई, देवरी एवं पोड़ी (करनकापा) में निलंबन व धान खरीदी से पृथक करने जैसी सख्त कार्यवाही की गई थी।

### की गई है कार्रवाई

उपार्जन केंद्रों की आकस्मिक जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर घुटकू व गतौरा खरीदी केंद्र के कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसी तरह दोनों ही केंद्रों के प्राधिकृत अधिकारियों को पद से पृथक कर दिया गया है।

**-चंद्रशेखर जायसवाल,**
उपायुक्त सहकारिता



## जामः महिला रेलकर्मी ने संभाला मोर्चा

**बिलासपुर।** तोरवा मुख्य सड़क पर सुबह से शाम तक जाम लगती है, यहां ना तो यातायात पुलिस नजर आती है और ना ही थाने के पुलिस कर्मी दिखाई देते है। ऐसे में यातायात का हाल बेहाल होता है।

शुक्रवार को भी यही हाल रहा, लेकिन सड़क पर लगी रेलमपेल को देख महिला रेलकर्मी से रहा नहीं गया और उसने स्वयं सड़क यातायात का मोर्चा संभालना, और करीब आधे घंटे में यातायात का सुगम बनाया। इस दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल पर उसकी विडियो बनाई और सोशल मीडिया में डाला, जिससे लोगों ने पसंद किया। तोरवा और रेलवे के कारण हर दिन पावर हाउस चौक पर गाड़ियों की आवाजाही अच्छी खासी रहती है। इस दौरान छट घाट, जगमल चौक और लालखदान से आने वाली गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति भयावह हो जाती है। शाम के समय वाहन रेंगते और घंटों लोग जाम में फंसे रहते है। हैरानी की बात यह है यातायात की व्यवस्था संभालने के लिए यातायात का जवान मौजूद नहीं होता है। शुक्रवार को रेलवे सिविल डिफेंस में पदस्थ महिला रेलकर्मी ने गंभीरता को समझते हुए ट्रैफिक की व्यवस्था संभाली और अकेले सड़क पर उतरकर करीब घंटे भर यातायात को नियंत्रित कर एक के बाद एक सड़क को खुलवाया। महिला रेलकर्मी की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता देखकर आम लोगों प्रभावित रहे।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## मालगाड़ी की टक्कर से कथावाचक की मौत

**बिलासपुर।** मालगाड़ी की टक्कर से सीपत निवासी गुरुजी की मौत हो गई। जीआरपी ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में भेज दिया है। जीआरपी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर डेढ़ बजे स्टेशन मास्टर से मिले मेमो में सूचना मिली कि गतौरा स्टेशन में एक वृद्ध की मौत हो गई है। सूचना पर जीआरपी स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां मृतक के परिजन पहले से ही मौजूद थे। पूछताछ में जीआरपी को जानकारी मिली कि मृतक सीपत निवासी पंडित विनय मिश्रा गुरुजी पिता स्व रमाकांत मिश्रा उम्र 64 साल हैं, जो कथावाचक थे।



मृतक कथा करने से पहले अधिवक्ता और एयरफोर्स में भी थे। मालगाड़ी से टक्कर होने के बाद उनका गला कट गया था। जीआरपी को उनके पास से कोई भी टिकिट नहीं मिली। पूछताछ के बाद जीआरपी ने मृतक का शव पंचनामा कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मरच्यूरी में भेज कर मर्ग कायम कर लिया है। मृतक की मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। लोगों से पूछताछ में जीआरपी को जानकारी मिली कि वे खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पटरी पार कर रहे थे, इस दौरान अचानक ट्रेन चलने के कारण वे टकरा गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशन ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-19501/- ऑफर 16,501/-, 2AC-35,501/- ऑफर 32,501/- 3AC-29,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


सुमीत बाजार
देश का पर्व सबसे बड़ा गर्व।
इस 26 जनवरी, होगी
26 की गूँज पूरे देश में!
17 से 31 जनवरी 2026
बाजार मूल्य ₹149 & above एक्सपोर्ट क्वालिटी कुशन कव्हर ₹26 में मिक्स व्हेरायटी
बाजार मूल्य ₹145 & above 100% कॉटन एक्सपोर्ट प्रीमियम क्वालिटी डायनिंग रनर ₹26 में
बाजार मूल्य ₹99 & above 100% कॉटन प्लेन प्रीमियम क्वालिटी पिलो कव्हर ₹26 में
बाजार मूल्य ₹99 & above किचन नेपकीन ₹26 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹99 & above 100% कॉटन एक्सपोर्ट प्रीमियम क्वालिटी डायनिंग मैट ₹26 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹199 & above टीन्स गर्ल्स कुर्ती 10 वर्ष से 15 वर्ष के गर्ल्स के लिये ₹126 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹199 & above गर्ल्स कोर्ड सेट 22 से 36 साईज में ₹126 में
बाजार मूल्य ₹199 & above action फुटवियर ₹126 में
बाजार मूल्य ₹299 & above प्लास्टिक जल मटका ₹126 में
बाजार मूल्य ₹350 & above मेन्स प्लेन कुर्ता ₹126 में
बाजार मूल्य ₹399 & above डिजिटल लिनन साड़ी ₹226 में
बाजार मूल्य ₹149 & above ब्वॉयज टीशर्ट 22 से 36 साईज में ₹226 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹149 & above लेडिस टीशर्ट ₹226 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹299 & above प्रिंटेड डबलबेड कम्फर्टर ₹226 में
बाजार मूल्य ₹499 & above मेन्स टीशर्ट ₹226 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹459 & above प्रीमियम डिजिटल सिल्क साड़ी ₹326 में
बाजार मूल्य ₹595 & above लेडिस कोर्ड सेट ₹326 में
बाजार मूल्य ₹999 & above डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता ₹326 में SIZE 44 TO 50
बाजार मूल्य ₹799 & above डबलबेड किंग साईज 1+2 बेडशीट ₹326 में
बाजार मूल्य ₹799 & above ब्रांडेड मेन्स शर्ट ₹326 में
बाजार मूल्य ₹899 & above जरी हैण्डवर्क साड़ी ₹426 में
बाजार मूल्य ₹499 & above फ्रॉक कुर्ती ₹426 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹299 & above सिंगलबेड ब्लांकेट ₹426 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹795 & above किंग साईज 1+2 आकर्षक पैकिंग में बेडशीट ₹426 में
बाजार मूल्य ₹999 & above मेन्स फार्मल इम्पोंटेड ट्राउजर ₹426 में
बाजार मूल्य ₹999 & above गुजराती सिल्क रिच पल्लू साड़ी ₹526 में
बाजार मूल्य ₹999 & above हैवी जेकार्ड कॉटन टॉवेल ₹526 में 2 पीस
बाजार मूल्य ₹999 & above डबलबेड AC ब्लांकेट विथ बैग ₹526 में
बाजार मूल्य ₹999 & above डबलबेड दोहड़ व्हाईट कलर में ₹526 में बैग पैकिंग में
बाजार मूल्य ₹999 & above मेन्स जीन्स ₹526 में
अन्य आकर्षण और भी है
साईज उपलब्धतानुसार
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है आयटम भिन्न हो सकते हैं
*नियम व शर्तें लागू.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000